पंजाब केसरी 28/01/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुआ गणतंत्र दिवस का भव्य समारोह

अम्बाला, 27 जनवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर एक भव्य, अनुशासित एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष धमीजा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके उपरांत एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत अनुशासित एवं सशक्त परेड ने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया। कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, समूह नृत्य तथा प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुतियों ने राष्ट्र प्रेम और स्वतंत्रता के मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। इस

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में ध्वजारोहण करते मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष धमीजा। (चंद्रमोहन)

अवसर पर कॉलेज प्रबंधन कमेटी के सदस्य जसवंत जैन, कॉलेज प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. गुरदेव सिंह, के.जी.एस. भलाया, आलोक गुप्ता, प्रेम सागर, ब्रिगेडियर डॉ. राहुल त्रेहान, सी.एस. सेठी, देव स्वरूप माथुर तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त उपस्थित रहे।